# यूपी व यामानाशी मिलकर दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र लगाएंगे



लनऊ में यूपी और जापानी प्रतिनिधिमंडल के बीच गुरुवार को कई समझौते हुए।

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी सरकार और जापान के यामानाशी प्रांत के प्रतिनिधिमंडल के बीच गुरुवार को दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र स्थापित करेंगे। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) दीपक कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ ऊर्जा पर एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश और यामानाशी के बीच दीर्घकालिक सहयोग को बढ़ावा देना था।

उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत यामानाशी प्रांत की सरकार के साथ मिलकर दो उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने की रूचि व्यक्त की। ये केंद्र ग्रीन हाइड्रोजन वैल्यू चेन में अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास तथा स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देंगे। प्रस्तावित योजना के अनुसार, आईआईटी कानपुर और हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) संयुक्त रूप से कानपुर स्थित परिसर में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे। दूसरा केंद्र गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। यामानाशी प्रांत सरकार के उप-राज्यपाल जुनिची इशिदेरा ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के साथ सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।